# पहाड़ों से मैदानों तक बारिश का खतरा

**05** सिस्टम से भारी बारिश का अलर्ट

**10** से ज्यादा राज्यों में रेड-ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली, 21 जुलाई. मानसून के बीच देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि इस समय देश के ऊपर पांच चक्रवाती परिसंचरण तंत्र सक्रिय हैं.**

इनके प्रभाव से अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर भारत, पूर्वोत्तर और मध्य भारत के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. इन मौसमी परिस्थितियों के कारण पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड समेत कई राज्यों में बारिश का दौर तेज हो सकता है.

मौसम विभाग ने बताया कि वर्तमान में हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में निचले क्षोभमंडल में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. इसके अलावा उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के आसपास, दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और तटीय आंध्र प्रदेश तथा अरब सागर में भी अलग-अलग मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं. इन सभी के संयुक्त प्रभाव से कई क्षेत्रों में तेज बारिश होने की संभावना बनी हुई है. पिछले 24 घंटों के दौरान मेघालय में 37 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो इस अवधि में सबसे अधिक रही. इसके अलावा ओडिशा, बिहार, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, विदर्भ, पूर्वी राजस्थान, असम और दक्षिणी कर्नाटक के आंतरिक हिस्सों में भी सात से 11 सेंटीमीटर तक बारिश रिकॉर्ड की गई.

> पिछले 24 घंटों में कटरा में 107.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो जम्मू-कश्मीर में सबसे अधिक रही. इसके बाद राजौरी में 63 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई. वहीं 19 से 21 जुलाई के बीच केवल कटरा में 245.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन, चट्टानें गिरने और अचानक बाढ़ का खतरा काफी बढ़ गया है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है.

# वरिष्ठ वकील आगे आएं, पेपर लीक आरोपियों को दिलाएं कठोर सजा : पीएम मोदी



**नई दिल्ली, 21 जुलाई. संसद के मानसून सत्र के बीच आयोजित 'मंगल मिलन' बैठक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के सांसदों को संबोधित किया. इस बैठक में सभी सहयोगी दलों के सांसद शामिल हुए.**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक की जानकारी देते हुए मीडिया से बताया कि प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार का पक्ष रखा और सभी सांसदों का मार्गदर्शन किया. बैठक में पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा हुई और पीएम मोदी ने इसे चिंता का विषय बताया. साथ ही, सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की भी सराहना की गई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पेपर लीक का मुद्दा केवल किसी एक राज्य या केंद्र सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश की चिंता का विषय है. जैसे ही सरकार को पेपर लीक की जानकारी मिली, तुरंत कार्रवाई की गई और अब तक इस मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एनडीए की 'मंगल मिलन' बैठक के बाद मीडिया को प्रधानमंत्री के संदेश की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने पेपर लीक को पूरे देश की चिंता का विषय बताते हुए कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर अपराध में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए देश के वरिष्ठ वकीलों को भी आगे आना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे अपराध करने वालों के मन में कानून का डर पैदा हो.


**संशोधन सूचना**

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
CIN - U67100MH2007PLC174759
**पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, पहली मंजिल, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई - 400098.

दिनांक **06.07.2026** को इस समाचार पत्र में **'ई-नीलामी बिक्री सूचना'** शीर्षक से प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में, कृपया नीलामी की विस्तारीत तिथि 22.07.2026 के स्थान पर **28.07.2026** पढ़े। अन्य सभी विवरण यथावत रहेंगे।

| ऋण खाता सं./बिक्री संस्थान | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम | ट्रस्ट का नाम | कुल बकाया राशि दिनांक 03.07.2026 को | आरक्षित मूल्य (रु. में) | अग्रिम जमा राशि ईएमडी (रु. में) | नीलामी तिथी व समय | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 611573619 एवं 611572917 | 1. श्री चौधरी सुरेश (ऋणी) 2. श्रीमती संगीता चौधरी (सह-ऋणी) | EARC-TRUST-SC-469 | ₹ 33,30,993.2 | ₹ 35,00,000/- | ₹ 3,50,000/- | 28.07.2026 दोप. 01:00 बजे | भौतिक |

**अचल संपत्ति का विवरण:** मकान नंबर बी-73, एमआईजी, जवाहर नगर, म.प्र. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, महूगाँव, महू, ज़िला - इंदौर (मध्य प्रदेश) - 453488 स्थित सम्पत्ति का समस्त भाग एवं अंश, **चर्तुःसीमाएँ:** पूर्वः मकान नंबर बी 72, पश्चिम : मकान नंबर बी 74, उत्तरः सड़क, दक्षिणः प्लॉट नंबर 80 एवं 81

**दिनांक : 22.07.2026**
**स्थान : मुम्बई**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**वास्ते एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**

Edelweiss Asset Reconstruction


# योगी कैबिनेट ने दी 18 प्रस्तावों को मंजूरी



**लखनऊ, 21 जुलाई. उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी. इनमें रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना और प्रदेश में दो नए एक्सप्रेस-वे के निर्माण का फैसला प्रमुख रहा. साथ ही सरकार ने विधानसभा के मानसून सत्र की तिथियों का भी ऐलान किया.**

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, प्रदेश में स्नातक की पढ़ाई कर रही मेधावी छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी. इस योजना का लाभ उन छात्राओं को मिलेगा, जिनके परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से कम है. प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय की शीर्ष पांच प्रतिशत छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी. उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सरकार केवल स्कूटी ही नहीं देगी, बल्कि उसका पंजीकरण, बीमा, हेलमेट, आवश्यक सहायक सामग्री और पांच लीटर पेट्रोल भी उपलब्ध कराया जाएगा. उन्होंने कहा बताया कि स्कूटी पेट्रोल चालित होगी और इसकी खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी. उन्होंने बताया कि दिव्यांग छात्राओं, शहीदों की बेटियों तथा निराश्रित परिवारों की बेटियों के लिए वार्षिक आय सीमा की शर्त लागू नहीं होगी.

# हरियाणा सरकार ने किसानों की दो मांगें मानीं

## चढूनी की रिहाई पर बनी सहमति

**चंडीगढ़, 21 जुलाई।** दिल्ली कूच की रणनीति के बीच किसानों और हरियाणा सरकार के बीच हुई अहम बैठक में दो महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति बन गई है. किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात कर किसानों की ओर से मांग पत्र सौंपा. बैठक में अंबाला के उपायुक्त भी मौजूद रहे. किसानों ने मांग की कि किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी को जल्द रिहा किया जाए और किसानों की केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ वार्ता कराई जाए, ताकि लंबे समय से लंबित मुद्दों पर समाधान निकल सके. बैठक के बाद हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राज्य सरकार ने दोनों मांगों को स्वीकार कर लिया है. उन्होंने कहा कि गुरनाम सिंह चढूनी की जल्द रिहाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ ही अगले एक सप्ताह के भीतर किसानों की केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक कराने का भी प्रयास किया जाएगा.

# अभिषेक पोरेल को गिरफ्तार करो


कथित दुष्कर्म मामले में हाईकोर्ट का रवैया सख्त

**कोलकाता, 21 जुलाई. कलकत्ता हाईकोर्ट ने कथित दुष्कर्म मामले में युवा क्रिकेटर अभिषेक पोरेल और एक अन्य व्यक्ति की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं. पोरेल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हैं और घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हैं.**

कोर्ट ने मोगरा पुलिस को निर्देश दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त किया जाए, ताकि जांच से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्यों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ न हो सके. मामला एक मेडिकल छात्रा की शिकायत पर आधारित है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि पोरेल ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उनके निजी पलों को रिकॉर्ड किया.

## आज का इतिहास

1981 - भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह ऐपल ने कार्य करना शुरू किया.

1988- अमेरिका के 500 वैज्ञानिकों ने पेंटागन में जैविक हथियार बनाने के शोध का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा ली.

1999 - अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना लागू.

2001 - शेर बहादुर देउबा नेपाल के नये प्रधानमंत्री बने, समूह-आठ देशों का जिनेवा में सम्मेलन सम्पन्न.

# जंघई रेलवे स्टेशन पर बम की अफवाह

**जौनपुर.** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जंघई रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह बम होने की सूचना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राजकीय रेलवे पुलिस ने स्टेशन परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया. जांच में कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और सूचना फर्जी पाई गई. किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर स्टेशन पर रखे एक ट्रॉली बैग में बम होने की सूचना दी थी. सूचना मिलते ही मीरगंज थाना पुलिस और जीआरपी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर पूरे स्टेशन परिसर की गहन तलाशी ली.

# किसानों तक समय पर पहुंचे उर्वरक

## मानसून-बुवाई पर कृषि मंत्रालय में शिवराज ने की समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली, 21 जुलाई।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कृषि मंत्रालय की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में खरीफ मौसम की तैयारियों और कृषि गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में खरीफ फसलों की बुवाई की प्रगति, दक्षिण-पश्चिम मानसून की स्थिति, संभावित एल नीनो प्रभाव, वर्षा की कमी वाले संवेदनशील जिलों, उर्वरकों एवं बीजों की उपलब्धता तथा जलाशयों में जल भंडारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई. बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि 17 जुलाई 2026 तक देश में खरीफ फसलों की बुवाई 658.19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हो चुकी है.


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नंबर 15165349M रेंक L/NK कृष्णपाल सिंग पंवार निवासी गांव उज्जैनिया, तहसील, घट्टिया, उज्जैनिया, उज्जैन म प्र 456550 घोषित करता हूँ कि आश्रित बेटी का मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में नाम मिनाक्षी लिखा है जो की सही नहीं है, लेकिन उसका सही नाम मिनाक्षी पंवार है। उसके सभी डाक्युमेंन्ट्स जैसे आधार कार्ड में भी उसका नाम मिनाक्षी पंवार है।



**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**
**Central Bank of India**
CENTRAL TO YOU SINCE 1911
**क्षेत्रीय कार्यालय: प्लाट नं. 160-161, पीयू-4, सी-21 माल के पीछे, स्कीम नं. 54, ए.बी. रोड, इन्दौर**

**ई-निविदा सूचना**
**इंटीरियर एवं इलेक्ट्रिकल कार्य**

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर, आनंद नगर खण्डवा शाखा** के इंटीरियर एवं इलेक्ट्रिकल कार्य हेतु योग्य ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। **आवेदन करने की अंतिम तिथि 10.08.2026 है।** अधिक जानकारी के लिए **https://centralbank.abcprocure.com** और **www.centralbank.bank.in** देखें।

**क्षेत्रीय प्रमुख, इन्दौर**



**एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.**

HDFC BANK
We understand your world

**पंजीकृत कार्यालयः** एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग लोअर परेल (पश्चिम) मुम्बई 400013
**शाखाः** एच.डी.एफ.सी. हाऊस, 10-A/1, एम.जी. रोड, इन्दौर 452 001 **सीआईएनः** L65920MH1994PLC080618 **वेबसाईटः** www.hdfcbank.com

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत।**

जबकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठनअधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के सपठित धारा 13(12) में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणियों/वैध वारिसों/ वैध प्रतिनिधियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई दिनांक से 60 दिन के अंदर मांग सूचनाओं में अंकित राशियों के भुगतान हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा आमंत्रित किया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा ऋणियों/ सह-ऋणियों /वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधियों को उनके अंतिम ज्ञात पते के परिसर में इन सूचनाओं को चस्पा कर दिया गया था तथा ऋणियों/ सह-ऋणियों/वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधि यदि चाहे तो वे सामान्य कार्यालयीन समय के दौरान किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता से संबंधित प्रतिलिपी प्राप्त कर सकते है।

उपरोक्त के संबंध में, एतद् द्वारा ऋणियों/सह-ऋणियों /वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधियों को एक बार पुनः सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त ऋणियों द्वारा निष्पादित, यदि कोई हो तो ऋण अनुबंध तथा अन्य लेख/दस्तावेज के स पठित निराकरण/भुगतान की दिनांक तक नीचे दिए गए कॉलम (सी) में अंकित संबंधित दिनांक से मांग सूचनाओं में वर्णित ब्याज सहित संबंधित नामों के समक्ष नीचे दी गई राशियों का इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से **60 दिन** के अंदर एचडीएफसी को भुगतान करें। ऋण के देय भुगतान हेतु प्रतिभूति के रुप में क्रमशः निम्न सम्पत्तियाँ ऋणियों द्वारा एचडीएफसी को बंधक रखी गई है :-

ऋणी(यों)/ सह -ऋणी(यों)/कानूनी वारिस (सों)/ कानूनी प्रतिनिधि(यों)का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्रं. | ऋणीयों/वैध वारिसों तथा वैध प्रतिनिधियों के नाम | कुल बकाया राशि | मांग नोटिस की दिनांक | सुरक्षित आस्ति(यों)/ अचल संपत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (c) | (d) | (e) |
| 1 | **श्री अनुपम द्विवेदी** (दिवंगत) एवं **श्री अनुपम द्विवेदी** (दिवंगत) के अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि एवं उत्तराधिकारी एवं **श्रीमती आरती द्विवेदी** पता : फ्लेट नं. 108, एल्डोरे II की पहली मंजिल, अपोलो डीबी सिटी, निपानिया, तुलसी नगर के पीछे, इन्दौर म.प्र. 452002. | ₹ 17,85,185/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | फ्लेट नंबर 01/GF, ब्लॉक-H, टाइप-1, एलडीए वनस्थली, सेक्टर - 1, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ 226001(उ.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** सटा हुआ - 04/GF/ब्लॉक-G/टाइप-1, ऊपर: 11/FF/ब्लॉक-H/टाइप-1, नीचे : कुछ नहीं **फ्लेट का बिल्ट-अप एरिया :** 93.37 वर्गमीटर |
| 2 | **श्री हितेश जोशी** (दिवंगत) एवं **श्री हितेश जोशी** (दिवंगत) के अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि एवं उत्तराधिकारी एवं **श्रीमती ईशा जोशी** **पता:** A/M-235, पंडित दिनदयाल उपाध्याय नगर, सुखलिया, इन्दौर म.प्र. 452010. | ₹ 27,41,713/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | फ्लेट 902, फ्लोर 9, एक्वा - फेस II - विंग C, मैजेस्टिक हाईट्स ग्राम - फुरसुंगी, तहसील हवेली पुणे - 412308 (महाराष्ट्र) **क्षेत्रफल :** 42.20 वर्गमीटर (कॉरपेट) |
| 3 | **श्री रणवीर रामभाऊ कोल्टे** (दिवंगत) एवं **श्री रणवीर रामभाऊ कोल्टे** (दिवंगत) के अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि एवं उत्तराधिकारी एवं **श्रीमती गायत्री रणवीर कोल्टे** **पता:** यूनिट-190, चिनार लेक व्यू नगर पंचायत महूगाँव, महू 453441 (म.प्र.) | ₹ 10,90,834/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | यूनिट-190, चिनार लेक व्यू, फेस I नगर पंचायत महूगाँव, महू 453441 (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व : प्लॉट नंबर 147, पश्चिम : कॉलोनी रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर 191, दक्षिण : प्लॉट नंबर 189 **प्लॉट का क्षेत्रफल :** 41.82 वर्गमीटर |
| 4 | **श्री रघुवीर राय** **पता:** फ्लेट नंबर 105, प्रथम मंज़िल, शिवाशीष, ब्लॉक डी, प्लॉट नंबर 357, शिव सिटी सिल्वर, इंदौर - 452002 (म.प्र.) | ₹ 7,08,158/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | फ्लेट नंबर 105, प्रथम मंज़िल, शिवाशीष, ब्लॉक D, प्लॉट नंबर 357, शिव सिटी सिल्वर, इंदौर (म.प्र.) 452002 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः प्लॉट नंबर 338 एवं 339, पश्चिमः कॉमन पैसेज, उत्तरः फ्लेट नंबर 104, दक्षिणः प्लॉट नंबर 356 **फ्लेट का क्षेत्रफल :** 37.17 वर्गमीटर |
| 5 | **श्री चंद्र कुमार गांधी** **श्रीमती वनिता गांधी** **पता:** प्लॉट नंबर 141/B वैभव नगर एक्सटेंशन, इंदौर 452001 (म.प्र.) | ₹ 6,10,858/- 2,87,232/- 2,97,789/- = 11,95,879/- दिनांक 31/05/2026 तक | 02/07/2026 | प्लॉट नंबर 141, सेक्टर-B, वैभव नगर एक्सटेंशन, कनाडिया मेन रोड, इंदौर (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्वः प्लॉट नंबर 130, पश्चिमः कॉलोनी रोड, उत्तरः प्लॉट नंबर 140, दक्षिणः प्लॉट नंबर 142 **प्लॉट का क्षेत्रफल:** 92.93 वर्गमीटर |
| 6 | **श्री पीयूष सोइन** **श्रीमती रजनी आशा** **पता:** यूनिट-214-पूर्व श्री सप्तश्रृंगी नगर निहालपुर मुंडी, इंदौर (म.प्र.) | ₹ 24,69,269/- 7,28,462/-= 31,97,731/- दिनांक 31/05/2026 तक | 02/07/2026 | यूनिट-214-पूर्वी भाग, श्री सप्तश्रृंगी नगर, निहालपुर मुंडी, इंदौर (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व : ईडब्ल्यूएस का प्लॉट, पश्चिम : प्लॉट का शेष भाग, उत्तर : कॉलोनी रोड, दक्षिण : प्लॉट नंबर 213, **क्षेत्रफल :** 69.70 वर्गमीटर |
| 7 | **श्री मनोज कुमार खरे** (दिवंगत) एवं **श्री मनोज कुमार खरे** (दिवंगत) के अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि एवं उत्तराधिकारी एवं **श्रीमती अर्चना खरे** **पता:** यूनिट G-3 डीसीएनपीएल ग्रीन्सविले ग्राम सोल्सिदा, तहसील सांवेर, उज्जैन रोड, ज़िला इंदौर 453551 (म.प्र.) | ₹ 47,56,144/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | प्लॉट नंबर G-3, डीसीएनपीएल ग्रीन्स विले, ग्राम सोल्सिदा, तहसील सांवेर, ज़िला इंदौर (म.प्र.) 452240 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व : प्लॉट नंबर F-23, पश्चिम : कॉलोनी रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर G-4, दक्षिण : प्लॉट नंबर G-2 **क्षेत्रफल :** 78.03 वर्गमीटर |
| 8 | **श्री अंकित शर्मा** **पता:** यूनिट प्लॉट नंबर ए-143 पार्श्वनाथ सिटी उज्जैन, ग्राम नीमनवासा, उज्जैन 456010 (म.प्र.) | ₹ 16,15,369/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | प्लॉट नंबर A-143, पार्श्वनाथ सिटी, ग्राम - नीमनवासा, पटवारी हल्का नंबर 34, नगर निगम, उज्जैन (म.प्र.). **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः 15.00 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिमः प्लॉट नंबर A-62, उत्तरः प्लॉट नंबर A-142, दक्षिणः प्लॉट नंबर A-144 **प्लॉट का क्षेत्रफल:** 251.16 वर्गमीटर |
| 9 | **श्री गौरव शर्मा पता:** यूनिट-119 विनायक विहार, सेक्टर-A, सर्वे नंबर 53/2/1, 53/4/1 एवं 54 पी, ग्राम दौदखेड़ी, तहसील एवं ज़िला उज्जैन 456001 (म.प्र.) | ₹ 10,05,334/- 45,067/- 7,41,448/-= 17,91,849/- दिनांक 31/05/2026 तक | 02/07/2026 | यूनिट A-119, विनायक विहार सेक्टर : A, ग्राम दौदखेड़ी, तहसील एवं ज़िला उज्जैन (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व : अन्य भूमि, पश्चिम : कॉलोनी रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर ए-118, दक्षिण : प्लॉट नंबर ए-120 **प्लॉट का क्षेत्रफल:** 63.94 वर्गमीटर |
| 10 | **श्री शक्ति सिंह** **श्रीमती सुरेखा** **पता:** यूनिट-497 चिनार लेक व्यू नंबर 763/5/2, नगर पंचायत महू नीमच रोड, पानी की टंकी के पास, महूगांव : महू 453441 (म.प्र.) | ₹ 5,55,700/- 97,109/- 1,85,498/- = 8,38,307/- दिनांक 31/05/2026 तक | 02/07/2026 | यूनिट-497, चिनार लेक व्यू कॉलोनी, फेज 1, नगर पंचायत, महूगाँव, महू (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व : कॉलोनी रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 503, उत्तर : प्लॉट नंबर 496, दक्षिण : प्लॉट नंबर 498 **प्लॉट का क्षेत्रफल :** 33.45 वर्गमीटर |
| 11 | **श्री विवेकानन्द शुक्ला** **पता:** यूनिट-141 आयुष्मान हिल्स हिंडोलिया, चौपाल सागर के पास, ए.बी. रोड, महू, इंदौर - 453441 (म.प्र.) | ₹ 8,53,667/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | यूनिट-141, आयुष्मान हिल्स, ग्रामः जमाली, तहसीलः महू (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः प्लॉट नंबर 152, उत्तरः प्लॉट नंबर 142, दक्षिणः प्लॉट नंबर 140 **प्लॉट का क्षेत्रफल:** 185.87 वर्गमीटर |
| 12 | **श्री अनिल यादव** (दिवंगत) एवं **श्री अनिल यादव** (दिवंगत) के अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि एवं उत्तराधिकारी एवं **श्रीमती गायत्री यादव** **पता:** यूनिट 42, मिडिल पार्ट, कल्याण संपत विहार, सर्वे नंबर 313/3/1, 313/4/1, ग्राम नैनोद, गांधी नगर, इंदौर 452001 (म.प्र.) | ₹ 22,96,968/- दिनांक 31/05/2026 तक | 02/07/2026 | यूनिट-42, मिडिल पार्ट (भाग 2), कल्याण संपत विहार, ग्राम : नैनोद, इंदौर (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः प्लॉट नंबर 83, पश्चिमः कॉलोनी रोड, उत्तरः प्लॉट का शेष भाग 1 पर निर्मित मकान, दक्षिणः प्लॉट का शेष भाग 3 पर निर्मित मकान **प्लॉट का क्षेत्रफल:** 55.76 वर्गमीटर |
| 13 | **श्री संतोष राठौर** **श्रीमती पिंकी** **पता:** फ्लेट-508, 5वीं मंज़िल, हाईवे करुणा सागर ब्लॉक 8, ग्राम कनाडिया, तहसील एवं जिला इंदौर (म.प्र.) | ₹ 15,13,196/- 50,102/-= 15,63,298/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | फ्लेट-508, फ्लोर-5, हाईवे करुणा सागर, ब्लॉक 8, ग्राम कनाडिया, तहसील एवं ज़िला इंदौर 452001 (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः खुली जगह, पश्चिमः रास्ता एवं प्रकोष्ठ नंबर 505, उत्तरः प्रकोष्ठ नंबर 507, दक्षिणः डक्ट एवं प्रकोष्ठ नंबर 509, **फ्लेट का एरिया:** 88.28 वर्गमीटर |
| 14 | **श्रीमती वसंती तापड़िया** **पता:** फ्लेट-320 त्रिशला अपार्टमेंट ब्लॉक A प्लॉट 9/1/1, वैद्य ख्यालीराम मार्ग, बियाबानी, राजमोहल्ला, एम.जी. रोड, इंदौर - 452001 (म.प्र.) | ₹ 31,99,782/- दिनांक 31/05/2026 तक | 02/07/2026 | फ्लेट नंबर 320-A, तीसरी मंज़िल, त्रिशला अपार्टमेंट ब्लॉक A, प्लॉट 9/1/1, वैद्य ख्यालिराम मार्ग, बियाबानी गली, इंदौर (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः एमओएस, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः फ्लेट नंबर ए-319, दक्षिणः फ्लेट नंबर बी-301 **फ्लेट का क्षेत्रफल: बिल्ट-अप** 70.14 वर्गमीटर |
| 15 | **श्री विभाश सरकार** **श्रीमती अनन्या सरकार** **पता:** फ्लेट-C101, फ्लोर-1, कॉसमॉस सिटी डिवाइन, सर्वे नंबर 174/2/4/2, 174/2/4/1, ग्राम बिचौली मर्दाना, संपत हिल्स, एम.जी. रोड, इंदौर - 452002 (म.प्र.) | ₹ 16,92,481/- 70,904/- 1,52,276/- 9,90,761/- = 29,06,422/- दिनांक 31/05/2026 तक | 02/07/2026 | फ्लेट-C-101, फ्लोर-1, कॉसमॉस सिटी, ब्लॉक डिवाइन, सर्वे नंबर 174/2/4/2, 174/2/4/1, ग्राम - बिचौली मर्दाना, इंदौर (म.प्र.) 452001 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व : बिल्डिंग की खुली जगह, पश्चिम : कॉमन पैसेज एवं सीढ़ियों के बाद यूनिट नंबर सी-112, उत्तर : बिल्डिंग की खुली जगह, दक्षिण : यूनिट नंबर सी-102 **फ्लेट का क्षेत्रफल :** सुपर बिल्ट-अप : 91.07 वर्गमीटर |
| 16 | **श्री सुरेश चन्द्र पाटीदार** (दिवंगत) एवं **श्री सुरेश चन्द्र पाटीदार** (दिवंगत) के अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि एवं उत्तराधिकारी एवं **श्रीमती कंचन बाई** **पता:** यूनिट-65, प्लॉट 65 नरीमन पॉइंट फेज़-1 ग्राम - बड़बड़, रतलाम 457001 (म.प्र.) | ₹ 16,17,318/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | प्लॉट नंबर - 65, नरीमन पॉइंट फेज़-1, ग्राम - बड़बड़, सर्वे नंबर 279, 280/1 एवं 280/2 रतलाम (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व : प्लॉट नंबर 38, पश्चिम : कॉलोनी रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर 64, दक्षिण : प्लॉट नंबर 66 **प्लॉट का क्षेत्रफल :** 111.63 वर्गमीटर |
| 17 | **श्री धनंजय तिवारी** **पता:** फ्लेट-FF-15, ऑर्किड फ्लोर्स ब्लॉक-बी, प्रथम मंज़िल, इंडस सैटेलाइट ग्रीन्स इंदौर - फ्लेट्स सर्वे नंबर 48/1, 48/2, 49, 145/1, 145/2, 168, 215/1, 215/2, 214, 216, 213 पैकी, 213 पैकी, 154/1 से 4, 219/1 से 2, 157, इंदौर - 452010 (म.प्र.) | ₹ 13,64,686/- 61,328/- = 14,26,014/- दिनांक 30/06/2026 तक | 02/07/2026 | फ्लेट-FF-15, प्रथम मंज़िल, ऑर्किड-फ्लावर्स, ब्लॉक-B, इंडस सैटेलाइट ग्रीन्स, सैटेलाइट जंक्शन कॉलोनी, ग्रामः केलोद हाला, इंदौर 452010 (म.प्र.), **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः एफएफ-14, पश्चिमः खुला आसमान एवं और उसके बाद कॉलोनी रोड, उत्तरः खुला आसमान एवं उसके बाद कॉलोनी रोड, दक्षिणः एफएफ-16, **फ्लेट का बिल्ट-अप एरिया:** 65.69 वर्गमीटर |
| 18 | **सुश्री आरती असाटी** **पता:** यूनिट प्लॉट नंबर 326, साकार एनआरआई सिटी-II, ग्राम - अरंडिया, जिला इंदौर 452001 (म.प्र.) | ₹ 3,29,264/- दिनांक 30/04/2026 तक | 02/07/2026 | यूनिट-प्लॉट नंबर 326, साकार एनआरआई सिटी-II, ग्रामः अरंडिया, तहसील एवं ज़िलाः इंदौर (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः प्लॉट नंबर 327, पश्चिमः सड़क, उत्तरः बाउंड्री वॉल के बाद अन्य की भूमि, दक्षिणः प्लॉट नंबर 325, **प्लॉट का क्षेत्रफल:** 255.42 वर्गमीटर |
| 19 | **श्री गौरव भाटिया** **श्री अजय भाटिया** **पता:** प्लॉट 1089, ओमैक्स सिटी 1 हैप्पी होम्स, बालयाखेड़ी (ओमैक्स सिटी फैज I के पीछे), इंदौर 452001 (म.प्र.) | ₹ 2,76,752/- दिनांक 31/05/2026 तक | 02/07/2026 | प्लॉट नंबर OHHI 1089, ओमैक्स सिटी, हैप्पी होम्स, ग्रामः बालयाखेड़ी, ओमैक्स सिटी फेज़ I के पीछे, इंदौर (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः प्लॉट नंबर 1107, पश्चिमः सडक, उत्तरः प्लॉट नंबर 1090, दक्षिणः प्लॉट नंबर 1088 **क्षेत्रफल:** 135.05 वर्गमीटर |
| 20 | **श्री भगवती प्रसाद अक्लोदिया** **श्रीमती रेखा अक्लोदिया** **पता:** ई-102 साउथ पार्ट, आम्रपाली टाउनशिप, औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर सोनवे भेंसोले औद्योगिक इंदौर 453332 (म.प्र.) | ₹ 21,02,845/- दिनांक 13/05/2026 तक | 02/07/2026 | आम्रपाली टाउनशिप, यूनिट ई-102 (दक्षिणी भाग), ग्राम सोनावाई, तहसील महू-पीथमपुर, इंदौर 452001 (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः प्लॉट नंबर ई-108, पश्चिमः सड़क, उत्तरः प्लॉट का शेष भाग, दक्षिणः प्लॉट नंबर ई-103 **प्लॉट का क्षेत्रफल:** 46.46 वर्गमीटर |

* आगे प्रतिवर्ष ब्याज जो लागू हो आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित निराकरण/भुगतान होने की दिनांक तक।

यदि ऋणी उपरोक्तानुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में असफल होते है तो एचडीएफसी उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत तथा लागू नियमों के तहत सुरक्षित संपत्तियो/ अचल संपत्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने को बाध्य होगी जिसके परिणाम व लागत की सम्पूर्ण जवाबदारी ऋणि(यों)/वैध वारिसों(सों)/वैध प्रतिनिधियों (यों) की रहेगी।

उपरोक्त अधिनियम के अंतर्गत ऋणी(यों)/वैध वारिस(सों)/वैध प्रतिनिधी(यों) एचडीएफसी की पूर्व सहमति के बिना उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियो/ अचल संपत्तियों को किसी भी तरह के विक्रय, लीज़ या अन्य किसी तरीके से हस्तांतरण हेतु प्रतिबंधित है। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम के प्रावधानों या इसके अधिन नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया जाएगा अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कैद या जुर्माने का पात्र होगा।

वास्ते/- प्राधिकृत अधिकारी
**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**

**स्थान : इंदौर, दिनांक : 22.07.2026**